## HM चौधरी बांगड़ हॉस्पिटल अधीक्षक नियुक्त

पाली/सुमेरपुर , 25 अक्टूबर (वेबवार्ता) । जिले के सबसे बड़े बांगड़ के अधीक्षक पद पर सीनियर डॉक्टर HM चौधरी को नियुक्त किया है। इसको लेकर राजमेस ने एक आदेश जारी किया है। बता दे कि बांगड़ हॉस्पिटल के पूर्व अधीक्षक डॉ पीसी व्यास की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद पीडियाट्रिक विभाग के एचओडी डॉ. आरके विश्नोई को हॉस्पिटल अधीक्षक का चार्ज अस्थाई रूप से दिया गया था। अब राजमेस ने गुरुवार को एक आदेश जारी किर मेडिसिन विभाग के पदनामित आचार्य डॉ. हजारीमल चौधरी को अधीक्षक नियुक्त किया। उनके अधीक्षक नियुक्त होने डॉक्टर ने बधाई दी। चौधरी ने कहा कि सभी स्टॉफ के साथ मिलकर हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने का काम करेंगे ताकि यहां आने वाले मरीजों को इलाज में किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े।

# बांगड़ हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर में मरीज की मौत



पाली/सुमेरपुर , 25 अक्टूबर (वेबवार्ता) । पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर में मरीज को एनेस्थीसिया देने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और मौत हो गई। मामले में मृतक के परिजनों ने उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बाद में पुलिस की समझाइश के बाद परिजन शव ले गए। सदर थानाप्रभारी अनिल विश्नोई ने बताया कि मुंबई निवासी शीतला प्रसाद ने मामला दर्ज करवाया कि भाई दुर्गादास मुंबई से राजस्थान घूमने आए थे। 19 अक्टूबर को पाली के बाड़सा निवासी अपने दोस्त डगलाराम और दुर्गादास प्रकाश के साथ कार से सोनाई मांझी से पाली आ रहे थे। इस दौरान हेमावास के पास अज्ञात ट्रक से कार की टक्कर हो गई। डगलाराम और दुर्गादास दोनों घायल हो गए थे। दुर्गादास के परिजन ने थाने में एक्सीडेंट का मामला दर्ज करवाया है। डगलाराम के अनुसार बांगड़ हॉस्पिटल के डॉक्टर कैलाश परिहार ने दुर्गादास के कंधे में फ्रैक्चर ठीक करने के लिए प्लेट डालने के लिए ऑपरेशन करना बताया। ओटी में इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई। दुर्गादास की मौत की सूचना परिजनों को दी तो मुंबई से परिजन बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे। पाली पहुंचे परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए ओटी के बाहर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करवाया। इसके बाद परिजनों ने सदर थाने में मामला दर्ज करवाया है। ऑर्थोपेडिक विभाग के एचओडी डॉ कैलाश परिहार ने कहा कि दुर्गादास उनकी यूनिट में एडमिट था। ऑपरेशन के लिए एनेस्थीसिया वालों ने मरीज को बेहोश करने का इंजेक्शन लगाया उसके बाद मरीज का ब्लड प्रेशर कम होने लगा। सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की। लेकिन रिकवर नहीं होने से मरीज की मौत हो गई।

## पाली में जवाई बांध के पानी का हुआ बंटवारा

पाली/सुमेरपुर , 25 अक्टूबर (वेबवार्ता) । सम्भागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जवाई बांध जल वितरण समिति की बैठक जवाई बांध विश्राम गृह में हुई । बैठक में सिंचाई और पेयजल के पानी वितरण पर चर्चा हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सिंचाई के लिए 4400 MCFT पानी और शेष 2513 MCFT पानी पेयजल के लिए देने का निर्णय लिया गया। बता दे कि जवाई के पानी से पाली जिले के 33 गांवों में 25825.40 हेक्टेयर और जालोर जिले के 24 गांवों की 12845.60 हेक्टेयर यानि कुल 38671 हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। साथ ही जवाई के पानी से 10 शहर और 875 गांवों में पेयजल के लिए पानी दिया जाएगा। बैठक में केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, सम्भागीय आयुक्त डॉ सिंह ने सिंचाई के लिए वह पेयजल के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से चर्चा की व्यक्त वर्ष पानी वितरण की जानकारी ली। साथ सिंचाई के लिए पीने के पानी के लिए मांग एवं उपलब्धता एवं सभी प्रकार के बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त डॉ हरफूल सिंह यादव ,पाली जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने भी अपनी बात रखी।

# जयपुर में पांच सड़कों और भवनों के नाम बदले जाएंगे

जयपुर, 25 अक्टूबर (वेबवार्ता) । जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आज नगर निगम हेरिटेज की तीसरी साधारण सभा हुई। इस दौरान सभी 13 प्रस्ताव पास किए गए। साथ ही पांच सड़कों और भवनों के नाम बदलने का भी फैसला लिया गया है। नगर निगम मेयर कुसुम यादव ने बताया- आज सांसद मंजू शर्मा और विधायक गोपाल शर्मा की मौजूदगी में सभी पार्षदों ने जयपुर के विकास पर एक साथ मिलजुल कर गहन मंथन किया। इस दौरान कुल 13 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए हैं। हालांकि निगम के कर्मचारी कि अभियोजन स्वीकृति को लेकर कुछ असमंजस की स्थिति थी। ऐसे में प्रस्ताव चार के भाग ब को अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इन सड़कों और भवनों के नाम बदलने पर बनी सहमति प्रस्ताव पढ़ने के दौरान विवाद हुआ बैठक के दौरान प्रस्ताव पढ़ने को लेकर विवाद हुआ। वार्ड 26 के पार्षद सलमान मंसूरी ने कहा- नगर निगम में अधिकारी मनमर्जी कर रहे हैं। एक-एक परिवार की 20-20 गाय उठा ली जाती है। अधिकारी 50 गज के मकान बनाने से भी बेवजह रोक रहे हैं। वहीं, कांग्रेसी पार्षद सुनीता महावार ने कहा- मेयर की OSD (हंसा मीणा) मनमर्जी कर रही है। जो प्रस्ताव बैठक में पढ़े जा रहे है, वह प्रस्ताव पार्षदों को नहीं भेजे गए। वहीं, भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने कहा- साधारण सभा में प्रस्ताव की एक लाइन में पढ़कर औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। बैठक में प्रस्ताव को पूरी तरह डिटेल में पढ़ा जाना चाहिए। सांसद मंजू शर्मा बोलीं- अधिकारियों को पार्षदों और जनता के फोन उठाने चाहिए सांसद मंजू शर्मा ने कहा- आज की तरह की सादगी से ही हर बार साधारण सभा का आयोजन होना चाहिए। पक्ष विपक्ष को मिलकर जनता की समस्याओं पर मंथन कर समाधान निकालना चाहिए। सफाई के मामले में जयपुर पिछड़ा हुआ है। मैं चाहती हूं कि इसमें सुधार होना चाहिए। जयपुर को भी इंदौर की तरह नंबर वन बनाने के लिए काम किया जाना चाहिए। मंजू शर्मा ने कहा- हम भी रात को 12 बजे काम के फोन उठाते है।



अधिकारियों को भी पार्षदों और जनता के फोन उठाने चाहिए। अगर किसी भी ठेकेदार के खिलाफ कोई शिकायत आएगी। उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। गलता मंदिर पर बने मंकी टेंपल आदर्श नगर से पार्षद पारस जैन ने कहा- गलता जी मंदिर में सावन के महीने में काफी संख्या में कावड़िये आते हैं। उनके लिए टेंपरेरी लॉकर की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जानी चाहिए। इसके साथ ही गलता जी क्षेत्र में इंडोनेशिया के बाली की तर्ज पर मंकी टेंपल बनाया जाना चाहिए। पार्षद बोले- नई लाइट लगाने से कुछ नहीं होगा, पहले पुरानी ठीक करवाएं दीपावली से पहले नगर निगम हेरिटेज के प्रत्येक वार्ड में 15-15 नई लाइट लगाने के प्रस्ताव को लेकर चर्चा की गई। इस पर कांग्रेसी पार्षद नरेंद्र नागर ने कहा- नई लाइट लगाने से कुछ नहीं होगा। जुलाई के पहले से लगी हुई लाइट अब तक ठीक से नहीं चल रही है। आम जनता शिकायतें करती है। उनकी शिकायत की सुनवाई नहीं होती है। मैंने खुद ने आम जनता की तरह से निगम में शिकायत की है। उसकी शिकायत नंबर भी मेरे पास है।

आज 2 सप्ताह से ज्यादा वक्त बीत जाने के बाद भी लाइट ठीक नहीं हुई है। पार्षद बोले- गाय उठा ली जा रही वार्ड 26 के पार्षद सलमान मंसूरी ने कहा- नगर निगम में अधिकारी मनमर्जी कर रहे हैं। एक-एक परिवार की 20-20 गाय उठा ली जाती है। उस गाय को लोग अपने बच्चों की तरह प्यार करते हैं। ऐसे में उन गाय को फिर से छोड़ा जाना चाहिए। मंसूरी ने कहा- नगर निगम के अधिकारी 50 गज के मकान बनाने से भी बेवजह रोक रहे हैं। हवामहल विधानसभा क्षेत्र में अधिकारी सबसे ज्यादा कार्रवाई कर रहे हैं। इसे रोका जाना चाहिए।

# जयपुर में सैकड़ों लोगों से ठगी कर दुबई भागा, अरेस्ट


जयपुर , 25 अक्टूबर (वेबवार्ता) । जयपुर में सैकड़ों लोगों से ठगी कर दुबई भागे बदमाश को सोडाला थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने विदेश में नौकरी लगाने का झांसा देकर 80 लाख रुपए ठग लिए। फिर ऑफिस बंद कर भाग गया। दुबई से नेपाल होते हुए वापस जयपुर आते ही पुलिस ने दबिश देकर शातिर को धर-दबोचा। पुलिस पूछताछ करने के साथ उसके फरार साथियों की तलाश कर रही है। डीसीपी (साउथ) दिगत आनंद ने बताया- सैकड़ों लोगों से ठगी के मामले



में आरोपी धर्मेंद्र कुमार (26) निवासी बलारा सीकर को गिरफ्तार किया है। उसने 22-गोदाम सोडाला में विदेश में जॉब लगाने का झांसा देकर ठगी के लिए ऑफिस खोला था। उन्होंने गणेश मैनपावर कंसलटंसी (GMC) के नाम से झूठी फर्म बनाई थी। आरोपी धर्मेन्द्र कुमार ने अपने साथी धर्मराज व गोपाल के साथ मिलकर सैकड़ों लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम दिया। इजरायल (विदेश) में लोगों को ड्राइवर व स्टोर कीपर की जॉब लगाने का झांसा देते थे। विदेश में जॉब लगाकर प्रतिमाह 2-3 लाख रुपए सैलरी का लालच देते थे। सैकड़ों लोगों से 80 लाख रुपए ऐंठने के बाद शातिर ठग ऑफिस बंद कर फरार हो गए। 18 सितम्बर को रामेश्वरलाल, भूराराम व गोपाल कुवाड ने सोडाला थाने में शातिर ठग गैंग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस जांच में शातिर ठग धर्मेन्द्र कुमार के दुबई भाग जाने का पता चला। पुलिस ने धर्मेन्द्र को पकड़ने के लिए मुखबिर को उसके पीछे लगाया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दुबई से फ्लाइट के जरिए धर्मेन्द्र काठमाडूं-नेपाल आया है।

## संघ के कार्यकारी मण्डल की बैठक में रतन टाटा, रामोजी राव, येचुरी व बुद्धदेव को दी गई श्रद्धांजलि

मथुरा, 25 अक्टूबर (वेब वार्ता)। राष्ट्री कय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में हाल ही में दिवंगत हुई विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गई। दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में चल रही बैठक की शुरुआत में हाल ही में दिवंगत हुए पूज्य राघवाचार्य महाराज (जयपुर), प्रसिद्ध उद्योगपति पद्म विभूषण रतन टाटा और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके अलावा हाल ही में दिवंगत हुए ईनाडु और रामोजी फ़िल्म सिटी के संस्थापक रामोज़ी राव, कम्युनिस्ट नेता सीताराम येचुरी, पूर्व विदेश मन्त्री के. नटवर सिंह, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी, एडमिरल (सेनि) रामदास तथा दिवंगत अन्य प्रमुख लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



बैठक में संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, मुकुन्दा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित अन्य अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्य भाग ले रहे हैं। शुरुआत में मार्च 2024 की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया। संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र कुमार ने बताया कि बैठक का समापन 26 अक्टूबर सायं 6=15 बजे होगा। बैठक में प्रतिनिधि सभा में निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा तथा संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत भी लिया जाएगा। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार की योजना सहित अभी तक किए गए कार्यों की समीक्षा और पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, 'स्व' आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य) को समाज में लेकर जाने पर चर्चा होगी। सभी कार्यकर्ता इसी गऊग्राम परिसर में निवास कर रहे हैं। इसमें संघ रचना के सभी 11 क्षेत्रों तथा 46 प्रांतों के माननीय संघचालक, सह संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारक सहित कुल 393 कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे हैं। जम्मू-कश्मीर से केरल तथा पूर्वोत्तर के अरुणाचल, मणिपुर, त्रिपुरा आदि प्रांतों से भी कार्यकर्ता उपस्थित हैं। बैठक में प्रांतों के विशेष कार्यों तथा परिस्थितियों का निवेदन होगा। इसमें मार्च 2025 तक की विस्तृत योजना पर भी विचार-विमर्श होगा।

## महाराष्ट्र चुनाव में राजनीतिक दलों ने नेताओं के रिश्तेदारों को दिया मौका

मुंबई, 25 अक्टूबर (वेब वार्ता)। राजनीतिक दल भले ही अक्सर अपने प्रतिद्वंद्वियों पर वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगाते रहते हों लेकिन चुनाव के दौरान वे सभी अपने स्थापित नेताओं के रिश्तेदारों को मैदान में उतारने से नहीं कतराते। राज्य के अधिकतर प्रमुख राजनीतिक दलों ने 20 नवंबर को 288 विधानसभा सीट पर होने वाले चुनाव के लिए अपने-अपने उम्मीदवारों की कम से कम पहली सूची घोषित कर दी है। सत्तारूढ़ पक्ष की ओर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा कर दी है लेकिन विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) की ओर से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) ने ही अब तक पहली सूची जारी की है।

## भाजपा के सदस्यों की संख्या हुई दस करोड़ के पार, नड्डा ने लोगों का जताया आभार


नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (वेब वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दस करोड़ सदस्य बन गए हैं। शुक्रवार को यह जानकारी साझा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि राष्ट्रीय सदस्यता अभियान- 2024% के अंतर्गत 10 करोड़ सदस्य बनाने की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। उन्होंने सभी नवागत सदस्यों का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया।

जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से 2 सितम्बर को आरंभ हुए इस अभियान में हर वर्ग के लोगों के जुड़ने की श्रृंखला जारी है। संगठन के हमारे कोटिश: कर्मठ कार्यकर्ताओं के अथक श्रम से प्राप्त यह ऐतिहासिक उपलब्धि गौरवान्वित करने वाली है। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रति जन-जन के स्नेह और भाजपा पर अटूट विश्वास के लिए समस्त देशवासियों का हृदय से आभार।

## फारुक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान से हिंसा रोकने, भारत के साथ मित्रता का रास्ता खोजने का किया आग्रह

श्रीनगर, 25 अक्टूबर (वेब वार्ता)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि गुलमर्ग जैसे हमले तब तक होते रहेंगे जब तक भारत और पाकिस्तान मित्रता का रास्ता नहीं खोज लेते। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर जम्मू कश्मीर की समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग के पास बृहस्पतिवार को आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें दो कुलियों और दो जवानों की मौत हो गयी थी। इस हमले में एक जवान और एक कुली घायल हो गए। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, ''इस राज्य में ऐसे हमले होते रहेंगे। आप जानते हैं कि वे कहां से आते हैं और यह तब तक नहीं रुकेगा जब तक इस समस्या से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिल जाता। मैं पिछले 30 वर्ष से यह देख रहा हूं, निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं।'' उन्होंने



कहा, ''हम पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनने जा रहे हैं। तो फिर वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? हमारे भविष्य को बर्बाद करने के लिए? हमें गरीब बनाने के लिए?'' पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में समस्या पैदा करने के बजाय पाकिस्तान को अपनी दुर्दशा पर ध्यान देना चाहिए और अपनी बेहतरी के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''वे खुद तो बर्बाद हो ही रहे हैं, साथ ही हमें भी बर्बाद कर रहे हैं।'' अब्दुल्ला ने पाकिस्तान से हिंसा रोकने और भारत के साथ दोस्ती का रास्ता तलाशने की अपील की। उन्होंने कहा, ''अगर वे कोई रास्ता नहीं तलाशते हैं, तो भविष्य बहुत मुश्किल होगा।'' नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार के हमले में शहीद हुए दो सैनिकों के साथ ही मारे गए दो कुलियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा, ''मैं उन लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जो शहीद हुए हैं। मैं उनके परिवारों से माफी मांगता हूं।'' यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि हाल के विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान हताश है, अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि क्या हुआ। उन्होंने कहा, ''लोगों ने विधानसभा चुनाव में मतदान किया।

## कनाडा के टोरंटो में कार दुर्घटना में 4 गुजरातियों की मौत

टोरंटो/अहमदाबाद, 25 अक्टूबर (वेब वार्ता)। कनाडा के टोरंटो में बीती रात एक कार दुर्घटना में गुजरात के 4 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन युवक और एक युवती है। मृतकों में गोधरा के रहने वाले सगे भाई-बहन और आणंद के दो युवक हैं। कार में 5 लोग सवार थे, जिनमें एक युवती की जान बच गई।

यहां मिली जानकारी के अनुसार पंचमहाल जिले के गोधरा स्थित पंचमहाल डिस्ट्रिक्ट बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी का पुत्र और पुत्री क्रमश: नीलराज गोहिल और केताबा गोहिल की इस हादसे में मौत हुई है। इस हादसे के शिकार दो अन्य युवक आंणद जिले के बोरसद में रहने वाले दिग्विजय पटेल और जय सिसोदिया हैं। जय सिसोदिया बोरसद के कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेन्द्रसिंह परमार का भांजा बताया गया है।

## महाकुंभ के दौरान शहर को जाम से मुक्ति दिलाएगा रिवर फ्रंट

प्रयागराज, 25 अक्टूबर (वेब वार्ता)। प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए योगी सरकार कई नए कदम उठा रही है। गंगा किनारे रिवर फ्रंट का निर्माण भी इसी का हिस्सा है, जिसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और यह 15 नवंबर तक आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। जाम की समस्या से मिलेगी निजात प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक पर्यटकों और श्रद्धालुओं के कुंभ नगरी पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। इनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए एक तरफ जहां शहर के अंदर और बाहर की सड़कों के चौड़ीकरण का काम तेजी से हो रहा है तो वहीं गंगा किनारे आवागमन का एक और विकल्प भी तैयार किया जा रहा है। गंगा नदी के किनारे रिवर फ्रंट के निर्माण से श्रद्धालुओं को बड़ी सहूलियत मिलने जा रही है। अपर कुंभ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी का कहना हैं कि मुंबई की मरीन ड्राइव की तर्ज पर प्रयागराज में भी गंगा किनारे लगभग 15.25 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। 213 करोड़ की लागत से इसका निर्माण हो रहा है। फिलहाल इसका 70 फीसदी निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। 15 नवंबर के पहले यह बनकर तैयार हो जाएगा। गंगा नदी के दोनों तरफ रिवर फ्रंट बनकर हो रहा तैयार कुंभ क्षेत्र में भीड़ को व्यवस्थित करने में रिवर फ्रंट मददगार साबित होगा। सिंचाई विभाग और अन्य सहयोगी विभागों के सहयोग से इसका निर्माण किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के सीनियर इंजीनियर रमेश कुमार सिंह के मुताबिक कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए गंगा नदी के दोनों किनारों पर तैयार हो रहे इस रिवर फ्रंट का निर्माण आम सड़कों से बिलकुल अलग है। इसका निर्माण इंटरलॉकिंग, बोल्डर क्रेट से किया जा रहा है जिसमे स्लोप पिचिंग का कार्य भी होगा। इस सड़क को आदर्श सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके किनारे बेंच लगाई जाएगी। कई जगह जगह पर सेल्फी प्वाइंट का भी निर्माण होगा। इन क्षेत्रों में हो रहा है रिवर फ्रंट का निर्माण गंगा नदी के किनारे बन रहे इस रिवर फ्रंट का निर्माण कई इलाकों में हो रहा है। इनमें रसूलाबाद घाट से नागवासुकी मंदिर तक, सूरदास से छतनाग तक, कर्जन ब्रिज के समीप महावीर पुरी तक का निर्माण कार्य अभी चल रहा है। रिवर फ्रंट के निर्माण हो जाने से संगम पर आने वाली दूरी कम हो जाएगी। इसके साथ ही आने वाले पर्यटकों को काफी सहूलियत मिलेगी।

## तटीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने को समुद्री शैवाल आयात के दिशानिर्देश जारी

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (वेब वार्ता)। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय ने देश में जीवित समुद्री शैवाल के आयात के लिए दिशानिर्देश संबधित अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि देश में जीवित समुद्री शैवाल के आयात के लिए अनुमोदन के चार सप्ताह के भीतर आयात परमिट जारी कर दिया जाएगा। इससे विदेशों से उच्च गुणवत्ता वाले बीज सामग्री या जर्म प्लाज्म के आयात की सुविधा मिल सकेगी। किसानों को गुणवत्ता वाले बीज स्टॉक उपलब्ध हो सकेगा।

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि चूंकि इन दिनों देश में समुद्री शैवाल उद्यमों के विकास को व्यावसायिक रूप से मूल्यवान प्रजातियों के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खेती की जाने वाली समुद्री शैवाल प्रजाति कप्पाफाइकस के बीज सामग्री में गुणवत्ता में गिरावट की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस पहल से तटीय गांवों के लिए एक प्रमुख आर्थिक चालक के रूप में समुद्री शैवाल उद्यमों के विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ-साथ मछुआरा समुदाय के सामाजिक-आर्थिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योयाना (पीएमएमएसवाई) केंद्र सरकार की प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य समुद्री शैवाल क्षेत्र में क्रांति लाना है। इसका लक्ष्य 2025 तक देश के समुद्री शैवाल उत्पादन को 1.12 मिलियन टन से अधिक बढ़ाना है। इस योजना के तहत सरकार ने समुद्री शैवाल की खेती की गतिविधियों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं जिनमें तमिलनाडु में 127.7 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ बहुउद्देशीय समुद्री शैवाल पार्क की स्थापना करना प्रमुख है।

**सम्पत्ति के विक्रय हेतु ऑनलाईन ई-नीलामी**

kotak Kotak Mahindra Bank

**कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय:** 27 बीकेसी, सी-27, जी-ब्लॉक, बांन्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पूर्व), मुम्बई, महाराष्ट्र, पिन कोड-400051 **शाखा कार्यालय:** कोटक महिन्द्रा बैंक लि. सॉलिटेयर बिल्डिंग, 5वीं मंजिल परिसर संख्या 115/3, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, एसपीएस रोड, जोधपुर, राजस्थान- 342001

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) और 8(6) के अंतर्गत वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
'फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड' (इसके बाद 'एफआईएचएफसीएल' के रूप में संदर्भित) द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पक्ष में ऋण के असाइनमेंट के बाद, फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (इसके बाद 'एफआईएचएफसीएल' के रूप में संदर्भित) के अधिकृत अधिकारी ने 23.09.2024 को प्रतिभूत लेनदार को बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति (इसके बाद प्रतिभूत परिसंपत्ति कहा जाता है) का भौतिक कब्जा ले लिया है।
विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) और आम जनता को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक ने प्रतिभूत परिसंपत्ति को बेचने का निर्णय लिया है। सरफैसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत 'जैसा है जहां है', 'जैसा है', और 'जो कुछ भी है' के आधार पर नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **श्री संतोष सिंह एवं श्रीमती मंजू सिंह** द्वारा लिया गया ऋण की वसूली के लिये ऋण खाता संख्या 605307510453995 & 605307210453448 में बकाया **रु. 71,72,521/-** (इकहत्तर लाख बहत्तर हजार पांच सौ इक्कीस रुपये मात्र) **दिनांक** 24.10.2024 तक के वसूली के लिये ई-नीलामी की जायेगी।

| विशिष्ट (PARTICULARG) | विवरण |
|---|---|
| नीलामी की दिनांक | 29.11.2024 |
| नीलामी का समय | दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट की असिमित समयावृद्धि के साथ |
| आरक्षित मूल्य | रू. 40,00,000/- (रूपये चालिस लाख मात्र) |
| जमा धरोहर राशि (ईएमडी) | रू. 4,00,000/- (रूपये चार लाख मात्र) |
| केवाईसी एवं धरोहर राशि जमा कराने की अंतिम दिनांक | 28.11.2024 सांय 06:00 बजे तक (IST) |
| प्रतिभूत संपत्ति का विवरण | बंधक संपत्ति के सभी अंश एवं हिस्से जिसमें चक नं. 1, खसरा नं. 962/1, जवाहर नगर, जवाहर स्कूल, जिला पाली, में स्थित है क्षेत्रफल 1250 वर्गफिट, संपत्ति की सीमाएं- उत्तर: रोड़, दक्षिण: सज्जन सिंह का मकान, पूर्व: सम्पत का मकान, पश्चिम: अन्य प्लॉट। |
| ज्ञात प्रभार यदि कोई हो | ज्ञात नही |

ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है। विशेष रूप से ऋणियों और आम जनता कृपया ध्यान दें कि यदि किसी भी कारण से यहां निर्धारित नीलामी विफल हो जाती है, तो प्रतिभूत ऋणदाता निजी संधि के माध्यम से बिक्री के माध्यम से प्रतिभूति हित लागू कर सकता है। बिक्री के तहत परिसंपत्तियों के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता के मामले में, बोलीदाता **सुश्री लक्ष्मी चौधरी (+917412032966) श्री सत्येन्द्र नाथ (+917568494090)** से संपर्क कर सकते हैं। बोलीदाता स्पष्टीकरण के लिए बैंक के आईवीआर नंबर (+91-9152219751) पर भी संपर्क कर सकते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट यानी **www.kotak.com** और/या **http://bankauctions.in/** पर दिए गए लिंक **https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html** को देखें।

प्राधिकृत अधिकारी
कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

**दिनांक: 26.10.2024** **स्थान: पाली, राजस्थान**

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, प्लॉट नं. 28,विवेकानन्द कॉलोनी पूर्व की तरफ, सिरोही बाई-पास सिरोही से मुद्रित व प्रवीण कुमार डुलानी का मकान, आर्दश कॉलोनी चर्च के पीछे, सुमेरपुर जिला-पाली से प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com